तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

04 योग तन का अनुशासन, मन का नियंत्रण...



04 गांवों में शांति और सामंजस्य बनाये रखना सबकी ...






## खबर संक्षेप

### प्रकाश बने नवापारा हथबंद मंडल भाजपा के मीडिया प्रभारी

**हथबंध।** भाजपा के सक्रिय युवा कार्यकर्ता हथबंध निवासी प्रकाश



पाल को नवापारा हथबंद भाजपा मंडल का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। नियुक्ति के लिए उन्होंने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा आनंद यादव व मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल सहित विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा का आभार जताया है। नियुक्त होने पर उन्हें मूलचंद टंडन, अवध राम ध्रुव, थकेश चतुरे, शंकर ध्रुव, जीतू यादव, धनी राम रजक, जितेंद्र साहू, रवि यदु, ओंकार यादव, संतराम देवदास, नरेश अनंत, भूपेन्द्र पाल, नोहर पाल, संतराम ध्रुव आदि भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई प्रेषित की।

### ओम प्रकाश को मिली पीएचडी की उपाधि

**पलारी।** नगर के होनहार छात्र



ओमप्रकाश पिता खम्मन वर्मा ने अपने सपने को साकार कर दिखाया। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से अर्थशास्त्र विषय में छत्तीसगढ़ राज्य के नरवा, गरवा, घुरुवा, बाड़ी, प्रभावशील योजना पर शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उनके परिजन सहित मित्र सत्येन्द्र सारथी, पिंटू वर्मा, ऋषि साहू, पुनीत रजक, केजराम यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटे गए गणवेश और पानी बाटल



**पलारी।** ग्राम पंचायत टिपावन में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव शामिल हुईं। उन्होंने बच्चों को गणवेश और पानी बाटल वितरण कर नियमित पाठशाला आने के लिए प्रेरित किया। सरपंच घासिन गुलशन रजक ने बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मिठा कराकर स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि अच्छी पढ़ाई और संस्कार से जिम्मेदार नागरिक बने। इस दौरान उप सरपंच अंजू रामकुमार मारकंडे, मंजू, योगी वर्मा, ग्राम प्रमुख हीरादास रात्रे, गणेश कुर्रे, महेश जांगड़े, जाहूर मनहरे, तुल्लु सोनवानी, बालाराम मारकंडे, तोरन यादव, राम कुमारी पटेल प्राचार्य हाई स्कूल टिपावन, कृष्ण कुमार फेकर समन्वयक, प्रियंका कोसले व्याख्या, गोदेश्वरी साहू व्याख्याता, शिक्षक मूलचंद गहीने, पदमा वर्मा, उमा भारती वर्मा प्रधान पाठक, इंद्र कुमार सतपथी, नेताम मैडम, ध्रुव मैडम सहित कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पिथौरा रोड के पास एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी अजय साहू पिता भोलाराम साहू वार्ड 6 लालपुर बागबाहरा के कब्जे से 30 नग देशी प्लेन शराब भरी हुई जब्त किया गया।

**बैठक :** कलेक्टर ने एसडीओ और सब-इंजीनियर क्रो फील्ड पर कड़ी मॉनिटिरिंग के दिए निर्देश

# हर-घर पानी पहुंचाने के कार्य में तेजी लाए विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार क्रो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ, सब-इंजीनियर एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की।

- कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा

उन्होंने मिशन के तहत हर-घर नल से जल पहुंचाने के कार्य में तेजी लाकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीओ और सब इंजीनियर क्रो कार्य में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए फील्ड पर कड़ी निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जिन गांवों में जल स्त्रोत नहीं मिल रहा है, वहां जल स्त्रोत चिन्हांकन के लिए हाईड्रो फैक्चरिंग मशीन की व्यवस्था करें। विद्युत मीटर की समस्या निदान के लिए सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों से आवश्यक समन्वय करें। जिन गांव में नल जल क्रो लेकर किसी प्रकार की विवाद हो तो सरपंच, जनपद सीईओ व एसडीएम के माध्यम से समाधान कराएं। इसके साथ ही एमआईएस पोर्टल में प्रविष्टि से सबंधित तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु राज्य कार्यालय से पत्राचार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने धीमे प्रगति वाले सभी ठेकेदारों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि काम में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के भुगतान रोका जाएगा तथा जिन्होंने काम बंद कर रखा है उन्हें कार्य से पृथक किया जाएगा। उन्होंने अब तक अपूर्ण कार्यों क्रो तय समय पर पूर्ण कराने के लिए समय-सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले 10 से 15 दिवस में हर-घर जल प्रमाणीकरण के कार्य क्रो पूर्ण कराएं। जिन गांवों में वाटर टेस्टिंग का कार्य चल रहा है, वहां के स्थानीय व्यक्ति क्रो ही पंप संचालन का प्रशिक्षण दें, ताकि बाद में वह बेहतर तरीके से कार्य सम्पादित कर सकें। पाइप लाइन बिछाने में सड़क खुदाई उपरांत सड़क की मरम्मत कराएं। इसके साथ ही अन्य परिसंपत्ति की क्षति होने पर भी उसका उचित क्षतिपूर्ति करें। उन्होंने कहा कि सभी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य क्रो समय पर पूरा कराएं। प्रशासन हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर सहित एसडीओ, सब इंजीनियर एवं ठेकदार उपस्थित थे।

## बाइक व स्कूटी में टक्कर, चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम छरछेद थाना कसडोल निवासी टीकेश साहू एवं कृष्णकुमार साहू जो अपने स्कूटी सीजी 22-0475 एक्टीवा से किसी काम से शिवरीनारायण गया था। वापस शिवरीनारायण से अपने गांव छरछेद जा रहा था। इसी बीच गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर महानदी शबरी सेतु पुल करीबन शाम 5 बजे घटमडवा गिधौरी से शिवरीनारायण की ओर जा रहे बाइक क्रमांक सीजी 06जी वाई 9658 एचफ डिलक्स के चालक देवा शिकारी एवं साथी धीरु पिता दिलहरण शिकारी एक शिवरीनारायण निवासी दुसरा ग्राम धनगांव थाना पामगढ़ निवासी ने स्कूटी को टक्कर मार दिया। इससे दोनों बाइक सवार चार लोग घायल हो गये। आमने सामने दोनों बाइक की जोरदार टक्कर से स्कूटी चालक टीकेश साहू गंभीर रुप से घायल हो गया और उनका एक पैर टुट गया। वहीं स्कूटी का सामने का हिस्सा चकनाचूर हो गया। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर कसडोल अस्पताल भेजा गया है।

## खाद बीज और कीटनाशक दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव में बुधवार को खाद बीज और कीटनाशक दुकानों में अधिकारियों ने निरीक्षण किया, जिसमें किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद, बीज, कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला के आदेशानुसार SDM द्वारा भटगांव उपस्थित मेसर्स राहुल हार्डवेयर भटगांव, प्रमोद कृषि केंद्र भटगांव के विक्रय संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। विक्रय केंद्रों को नियमानुसार उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने हेतु समझाइए दी गई। किसी भी स्थिति में कालाबाजारी न करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा कृषकों से अपील की गई कि आवश्यक्ता अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग करें। डीएपी की पूर्ति हेतु वैकल्पिक उर्वरक जैसे कि एनपीके एवं एसएसपी का प्रयोग करें एवं किसान जांच परख के ही उर्वरक एवं बीज क्रय करें तथा क्रय सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें। उर्वरक केवल पॉस के माध्यम से क्रय करें। निरीक्षण दौरान कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्णा कुमार साहू, शेखर सुमन सिंह रात्रे ग्रा.कृषि विस्तातर अधिकारी उपस्थित रहे।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी द्वारा सांई ट्रस्ट में जी.पी. कोऑर्डिनेटर की पोस्ट पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी किया था। आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 3.50 लाख लिए थे।



प्रार्थिया ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी खिलेन्द्र कुमार साहू एवं अन्य द्वारा प्रार्थिया को साईं ट्रस्ट में भर्ती चलने एवं उसमें जी.पी कोऑर्डिनेटर के पद पर नौकरी लगाने का प्रार्थिया को झांसा दिया, जिस पर प्रार्थिया द्वारा फोन-पे एवं नगदी सहित कुल 3.50 लाख आरोपियों को दिया गया। साथ ही आरोपियों द्वारा प्रार्थिया को झांसे में लेते हुए उसे जॉइनिंग लेटर भी दिया गया, किंतु प्रार्थी की नौकरी नहीं लगी। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धारा 420,34 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। रिपोर्ट दर्ज होते ही प्रकरण में संलिप्त आरोपी फरार हो गए थे, जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रही थी। पुलिस द्वारा जांच विवेचना में आरोपी ग्राम चेंद्रीबंध मरार पारा नवागांव निवासी 34 वर्षीय खिलेन्द्र कुमार साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थिया को नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया गया। जहां आरोपी को 18 जून को गिरफ्तार जेल भेजा गया।

## शराब परोसने वाले 11 संचालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने होटल, ढाबा, ठेला में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों, चखना सेंटर संचालन और सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

विदित हो कि जिला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ जारी है। इसी क्रम में जिला पुलिस टीम ने मंगलवार की शाम क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले 11 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

पकड़े गए 11 आरोपी विकास भारती 24 साल निवासी भैंसापसरा, परदेसी केंवट निवासी ग्राम रीकोकला थाना राजादेवरी, राजेश कुंगवानी 52 साल निवासी शीतलपारा सिमगा थाना सिमगा, हेमू देवांगन 25 साल निवासी शंकर नगर सिमगा, गोविंद देवांगन 39 साल निवासी शंकर नगर सिमगा, दीपक केवट 34 साल निवासी हथबंद, चंदन कुर्रे 27 साल निवासी ग्राम नवापारा थाना सिमगा, रामेश्वर जांगड़े 21 साल निवासी ग्राम सोनबरसा थाना भाटापारा ग्रामीण, आनंद टंडन 50 साल निवासी ग्राम सेन्दरी थाना भाटापारा ग्रामीण, ढालेश धीवर 32 साल निवासी पलारी और राजू देवांगन 27 साल निवासी पलारी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

**ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक से पहले सांसद प्रतिनिधि के स्वागत पर मचा बवाल**

# प्रोटोकॉल को लेकर विधायक संदीप नाराज, कार्यक्रम छोड़ चले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



पीएम श्री आत्मानंद एक्सलेंस इंग्लिश मिडियम स्कूल में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू की नाराज़गी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार प्रोटोकॉल को लेकर विधायक संदीप साहू नाराज हो गए और मंच पर अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। इसके बाद विधायक कार्यक्रम छोड़ चले गए। इस दौरान कसडोल के प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव, बीआरसीसी नीलमणि साहू विधायक के गाड़ी के पीछे-पीछे भागते दिखे।

विदित हो कि बुधवार को प्रदेश में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा था। इसी तारतम्य में कसडोल विकासखंड में भी विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा था, जिसमें मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े थीं। साथ ही अध्यक्षता में कसडोल विधायक संदीप साहू को बुलाया गया था। सांसद की अचानक तबियत खराब होने से सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव पहुंचे थे। इसी बीच कार्यक्रम को पूजा अर्चना के बाद राजकीय गीत के साथ शुरू करने के बाद स्वागत कार्यक्रम चालू किया गया, जिसमें कसडोल विधायक संदीप साहू को सर्वप्रथम स्वागत सम्मान न करते हुए संसाद प्रतिनिधि का स्वागत किया गया। जिसे लेकर विधायक संदीप साहू नाराज हो गए। साथ ही प्रोटोकॉल की बात कहते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए कार्यक्रम को छोड़ चले गए। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि योगेश बंजारे कार्यक्रम में शामिल हुए। इधर कार्यक्रम के बाद कुछ समय के लिए कार्यक्रम रुक गया। लेकिन काफी अनुनय विनय के बाद भी विधायक जब अपनी वाहन से निकल गए तो नगर पंचायत और जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों के समक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। फिलहाल पूरे कार्यक्रम में नन्हें मुन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित नपा उपाध्यक्ष ने उद्बोधन देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इधर विधायक संदीप साहू ने कहा कि शासकीय कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का पालन होना चाहिए, लेकिन आप प्रोटोकॉल के विपरीत जब कार्य करेंगे तो उसका विरोध करना जरूरी है। मेरा अगर सम्मान नहीं कर सकते तो आपको अपमान करने का कोई अधिकार नहीं है। वहीं इस पूरे मामले में प्रभारी विकासखंड अधिकारी अरविंद ध्रुव ने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

## असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के सुभाष वार्ड अटल निवास में शैलेन्द्र वर्मा व उसके छोटे भाई संजय वर्मा के साथ घर में घूसकर मारपीट करने का मामल सामने आया। रात्रि करीबन 10.45 बजे पड़ोसी रानी यादव ने पीड़ित के मां को सूचना दी और बताई की राहुल सतनामी उसके भाई रवि, हेमंत केंवट, कुसु यादव घर में जबरदस्ती घुसकर तुम्हारे लड़का शैलेन्द्र वर्मा, संजय वर्मा को डण्डा एवं शराब की बोतल से मारपीट कर घर के समान को तोड़ फोड़ कर दिया है। दोनों लड़के पूर्व पार्षद के भाई गोल्डी यादव ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से बलौदाबाजार रिफर कर दिया है। परिवार में मां व दो बेटे हैं। घटना के समय मां बाहर थी, चोटील संजय को पूछने पर बताया की चार पांच दिन पूर्व राहुल सत्तनामी ने मेरा मोबाइल फोन ले लिया था, तुम अपने मां को क्यो बताये हो तुम्हारी मां मोबाइल मांगने आयी थी, कहकर राहुल सतनामी, रवि सतनामी, हेमंत केंयट, कुसु यादव चारों ने जबरदस्ती घर अंदर घुसकर अश्लील गाली करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये चारों ने डण्डा एवं शराब के बोतल से मुझे एवं बड़े भाई शैलेन्द्र वर्मा को मारपीट किया है। इस घटना में शैलेन्द्र वर्मा के दोनों हाथ, पैर, सिर, चेहरा ने एवं संजय वर्मा के आंख, दोनों पैर, दोनों हाथ, पीठ, सिर में चोटे आई है। टीवी, आलमारी, लाईट, वायर, दर्पण एवं अन्य समान को तोड़ फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी में महिला समूह ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए बोरिंग के आस पास साफ़ सफाई की, ताकि बरसात के पूर्व गंदा पानी न रुके। इस कार्य में सरपंच किरण सनकुमार साहू भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि बरसात में गंदा पानी ठहरने से अनेक प्रकार के किटाणु बढ़ जाते हैं तथा हैंडपप से प्रदूषित पानी आ सकता है, जिससे हमेशा बीमारी का खतरा बना रहता है, जिसे स्वच्छता बनाए रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। लोगों को स्वच्छ पानी मिलेगा तो जीवन स्वस्थ रहेगा। इस मुहिम में सरोज साहू पंच, भुनेश्वरी साहू, कुलेश्वरी ध्रुव, गौरमति ध्रुव, लच्छी साहू, सरस्वती ध्रुव, पूजा यादव, परमिला यादव, टिका साहू, अमरीका साहू आदि महिलाएं शामिल हुईं।

### भाजपा मंडल सिमगा की कार्यकारिणी घोषित

**सिमगा।** जिलाध्यक्ष आनंद यादव के अनुशंसा से भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार भाटापारा के सिमगा मण्डल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें महामंत्री छोटू यादव एवं राहुल साहू उपाध्यक्ष, भागवत वर्मा, उग्रसेन वर्मा, सचिन जैन, रूखमणि साहू मंत्री, फूलबाई धृतलहरे, सविता मानिकपुरी, रजनी दुबे, धनेश वासुदेव कोषाध्यक्ष अभिजीत अवस्थी सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश साहू मीडिया प्रभारी सतीश जैन कार्यालय मंत्री परस पाटकर सहित मंगल कार्य समिति के सदस्यों का गठन किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष अनिल पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतराम वर्मा, धीरज जैन, जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, दीप्ति गोविंद वर्मा नगर पालिका शामिल हैं।

# नपं में विकास कार्य ने पकड़ी गति, अवैध कब्जों पर हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत में अब उत्तर प्रदेश की तर्ज पर नगर के विकास कार्यों को स्वच्छ, सुविधा और सुंदरता को मुख्य उद्देश्य बना कर दृढ़ संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। इसके पूर्व में नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे अनिल सोनी वर्तमान में उनकी पत्नी नगर पंचायत का बागडोर सम्हाल रखी है और अनिल सोनी अध्यक्ष प्रतिनिधि के भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्य रूप से नगर के मुख्य मार्ग जहां दो करोड़ की लागत से डिवाइडर सहित रोड बनायी गयी है, वहीं अब बरसात के पूर्व पानी निकासी की तैयारी को ध्यान में रखकर सभी नलियों की सफाई और जहां नाली नहीं बनी है वहां नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है।



इस विकास कार्य में जहां और भी अवरोध पैदा कर रहे हैं उसे दुरुस्त किया जा रहा है। इसके पूर्व में वार्ड 7 में रहने वाले योगेश डिवेडी और उनकी पत्नी द्वारा अवैध कब्जा कर रह रहे थे, जिस पर नगर पंचायत का बुलडोजर चला तो नगर पंचायत के परसादों और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की गई, जिसे जेल की हवा खानी पड़ी थी, जिससे भी लोगों में दहशत है।

अनिल सोनी ने बताया कि नगर के चहुंमुखी विकास के लिए शासन प्रशासन पूरा साथ में हैं, जहां व्यवस्था को दुरुस्त करने हर संभव प्रयास किया जाएगा, मुख्य योजनाओं को पूछे जाने पर बताया गया कि तिगड्डा चौक का सौंदर्यीकरण, चौपाटी निर्माण, नगर के हर गली में नाली निर्माण, बस स्टैंड को व्यवस्थित करना, टैक्सी स्टैंड को व्यवस्थित करना, सोमवारी बाज़ार को व्यवस्थित करना, चौक के सभी दुकानों को व्यवस्थित करना ठेले खोमचे वालों को व्यवस्थित करने के साथ पूरे नगर को स्वक्छता प्रदान कर पूरे प्रदेश में नगर पंचायत का नाम रोशन करना है,जो की हमारे विधायक अनुज शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और सहयोगी पार्षदों के सहयोग से होगा।

## सम्मेलन : धमनी में हुआ समाधान सम्मेलन, ग्रामीणों से मिली पुलिस अधीक्षक

# आपराधिक गतिविधियों की तत्काल पुलिस को जानकारी दे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ ग्राम सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था पर दिया जोर

ग्राम धमनी में समाधान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता /"समाधान सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर ग्राम धमनी के समस्त ग्रामवासी अत्यंत प्रसन्न हुए तथा भारी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे /"समाधान सम्मेलन/" कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भावना गुप्ता ने कहा कि ग्राम में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में आप समस्त ग्रामवासियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। किसी प्रकार की भी सूचना, आपराधिक गतिविधि के बारे में जानकारी यदि आपके द्वारा समय पूर्व अथवा तत्काल पुलिस को प्रदान की जाती है, तो निश्चय ही ऐसे अपराध





को रोकने में सहायता मिलेगी। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने में भी आपके द्वारा दी गई सूचनाएं अत्यंत मददगार होती हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर, लोगों को नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल एवं हेल्पलाइन नंबर के बारे में ग्राम धमनी के निवासियों को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि समाधान सेल में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी आप दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक एवं डीएफओ बलौदाबाजार द्वारा ग्राम के मेधावी एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख लोगों में एवं डीएफओ बलौदाबाजार, निरीक्षक हेमंत पटेल थाना प्रभारी पलारी एवं थाना पलारी के स्टाफ उपस्थित थे।

## वेलनेस सप्ताह में स्वस्थ जीवन शैली की बतायी जा रही गतिविधियां



**बलौदाबाजार।** जिले में लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने प्रेरित करने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वेलनेस सप्ताह का आयोजन 16 से 20 जून तक किया जा रहा है। वेलनेस सप्ताह का उद्देश्य सभी को ख़ुशी और ऊर्जा से भरी एक सक्रिय जीवन शैली की ओर प्रेरित करना है। इसमें प्रतिदिन के अनुसार रोचक गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। इसके अंतर्गत 16 जून को 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को छोटी दूरी की दौड़ और रस्सी कूद, आसान और मजेदार योग जैसे तितली और वृक्ष आसन, खेल-खेल में सीखना जैसे फल पहचानना, संतुलित दौड़, हंसी और मस्ती के साथ सामूहिक गतिविधियां की गई। मंगलवार 17 जून क्रो महिलाओं और माताओं का दिन रहा जिसमें गर्भवती महिलाएं स्तनपान करने वाली माताएं तथा अन्य महिलाएं सम्मिलित रहीं। इसमें हल्के खिंचाव वाले व्यायाम, महिलाओं के लिए विशेष योग, लोक संगीत पर हल्का नृत्य, रिंग गेम्स सामूहिक, वॉक, एक साथ बैठकर खुलकर बातचीत की गई। 18 जून बुधवार का दिन पूरे परिवार का सक्रिय दिन निर्धारित किया गया है जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग सम्मिलित रहे। इसमें एक साथ योग सत्र, टीम गेम्स जैसे रस्साकशी, गुब्बारा दौड़, पोस्टर, चित्र बनाओ प्रतियोगिता हंसी और गहरी सांसों के साथ विश्राम करना सिखाया गया। गुरुवार 19 जून बुजुर्गों के लिए हंसी और सेहत का दिन निर्धारित है। इसके अंतर्गत 60 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के नागरिकों को सरल योग जैसे वज्रासन, अनुलोम-विलोम धीमी गति से संगीत पर चलना, रिंग टॉस और गेंद पास करना, हर्बल चाय के साथ हंसी मजाक और पुरानी यादें साझा करना सम्मिलित किया गया है। वेलनेस सप्ताह के अंतिम दिवस अर्थात शुक्रवार 20 जून किशोरों के लिए जोश और उत्साह का दिन निर्धारित है। इसमें 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को सम्मिलित किया जाएगा, जिसमें जुंबा डांस के माध्यम से फिटनेस, आउटडोर खेल जैसे फुटबॉल और वॉलीबॉल, तनाव कम करने वाले योग अभ्यास, टैलेंट शो का आयोजन होगा।

## प्रवशोत्सव पर हुआ न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार स्थित पीएम श्री प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक स्वागत कर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मुड़पार की सरपंच निर्मला निषाद थीं। अध्यक्षता पूर्व समिति अध्यक्ष तिहारू राम साहू ने की तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामनाथ साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके पश्चात नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल





लगाकर एवं मिठाई व गणेश पुस्तक भेंट कर स्वागत किया गया। कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी उर्वशी साहू, पिता छन्नूलाल साहू एवं माता सरिता साहू को विद्यालय परिवार की ओर से फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान सभी छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। इस अवसर पर हीरा राम साहू, घनश्याम ध्रुव, सुरेश कुमार, डॉ. प्रदीप दास मानिकपुरी, जीवनलाल साहू समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम न्योता का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्प लता धुर्वे, जय शर्मा शिक्षक सहित सभी अतिथियों, पालकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।

## बिटकुली में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार।** नशा से बचने 1 से 26 जून तक शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार क्रो विकासखंड बलौदाबाजार ग्राम पंचायत बिटकुली में भारत माता वाहिनी समूहों की उपस्थिति में नशे पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। बताया गया कि नशा एक व्यक्ति करता है और बरबाद उसका पूरा परिवार हो जाता है। अगर नशे की लत से छुटकारा पाना है तो एक दृढ़ संकल्प लेकर अथवा एक सकारात्मक सोच लेकर नशे को छोड़ना पडेगा। इस हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र भी सहयोग करता है। नशामुक्ति केन्द्र में मनोचिकित्सक उपलब्ध है, दवाईयां भी दी जाती है। सरकार इन पीड़ति को नशे के चंगुल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखें पर रोक लगाने के प्रयास करती है। नशा एक ऐसी बीमारी है जो समाज को खोखला करती है। इससे कई परिवार नष्ट हो रहे है, इसलिए नशे से दूर रहे। नशामुक्त भारत अभियान, मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला उत्पीड़न के बारे में बताया गया साथ ही साथ नशामुक्ति हेतु संकल्प भी लिया गया। खैरघटा स्थित नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है, इस संबध में भी जानकारी महिलाओं एवं नागरिकों को दी गई। इस अवसर पर सरपंच ललिता कोसरे उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को शिक्षण सामग्री व सहायक उपकरण का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड स्त्रोत केंद्र सिमगा में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को सहायक उपकरण व शैक्षिक शिक्षण सामाग्री का वितरण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीएस ध्रुव तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किरण कुमार वर्मा द्वारा किया गया। विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को निम्नानुसार सहायक सामाग्री का वितरण किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला करही से चंद्रकला यादव को व्हील चेयर, प्राथमिक शाला हथबंद से कान्हा साहू एवं प्राथमिक शाला सीतापार से कृष रात्रे को एम आर कीट, प्राथमिक शाला सुहेला से रणवीर वर्मा एवं प्राथमिक शाला पड़कीडीह से दीप्ति देवांगन को श्रवण यंत्र, पूर्व माध्यमिक शाला गोरदी से देवकुमार साहू को लो विज़न किट एवं पूर्व माध्यमिक शाला करहुल से हीरा बारले को वॉकर एवं बैसाखी प्रदान किया गया। छात्रों को सहायक शिक्षण वितरण के मौके पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सहायक सामाग्री का अधिकतम उपयोग करते हुए छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए पालकों को प्रोत्साहित किया गया। सहायक सामग्री वितरण का कार्य ब्लॉक रिसोर्स पर्सन अर्चना यादव के सहयोग से संपन्न हुआ अर्चना यादव द्वारा छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।




## प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटे गए गणवेश

**लवन।** जिले में 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद नगर में स्थित प्राथमिक शाला लवन में 17 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बतौर अतिथि वार्ड 4 के पार्षद प्रकाश ताम्रकार थे। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान अतिथि ने नवप्रवेशी बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर तथा लड्डू से मुंह मीठा कराकर उन्हें शाला में प्रवेश दिलाया। इस दौरान पार्षद द्वारा बच्चों को निशुल्क गणवेश वितरण किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। निशुल्क गणवेश पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी की लकीर स्पष्ट रूप से दिखाई दी। वहीं छात्रों के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के प्रयास पर अधिक जोर दिया गया। पार्षद प्रकाश ताम्रकार ने कहा कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो यह हम सबका दायित्व होना चाहिए। बच्चे एक लक्ष्य बनाकर पढ़ते रहे तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता बच्चे खूब पढ़कर गांव नगर मां-बाप का नाम रोशन करने यही मेरी कामना है। बेहतर नागरिक बनने के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी है। अंतिम में पार्षद ने बच्चों को खीर पूरी खिलाकर बिदा लिया, इस शाला प्रवेश उत्सव में शाला परिवार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## विधायक संदीप ने आपराधिक कृत्यों की सूक्ष्म जांच के लिए कलेक्टर को सौंपा पत्र

# खनिज तस्करों की गुंडागर्दी से जिले में भय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कसडोल विधायक संदीप साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवैध रूप से संचालित कसर गिट्टी, रेत, मुरूम एवं पत्थर की खदानों को बंद कर खनिज तस्करी की रोकथाम मांग की है। उन्होंने थाना गिधौरी के अंतर्गत 12 जून को खनिज माफिया व रेत तस्करों के द्वारा ग्राम खपरीडीह में की गई आपराधिक कृत्यों की सूक्ष्म जांच कलेक्टर को पत्र सौंपा है।

जिसमें बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत खनिज तस्करों के द्वारा रेत, गिट्टी, पत्थर, मुरम तथा कसर खदानों का संचालन जिले के खनिज अधिकारियों से सांठगांठ कर, अवैध रूप से खुले आम खनिज का उत्खनन कार्य करने का आरोप लगाया है। विधायक संदीप साहू ने कहा कि जिला प्रशासन की



मिलीभगत के चलते जिले में ही कसर गिट्टी, रेत, मुरूम एवं पत्थर की खदानें अवैध रूप से धल्लड़े से संचालित हो रही हैं, जिसकी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम व्यक्तियों द्वारा समय-समय पर सूचित की जाती रही है, जिस पर कोई तात्कालिक कार्रवाई नहीं होने के कारण से वर्तमान में जिसकी भयावह स्थिति थाना गिधौरी की सीमावर्ती क्षेत्र में खनिज माफिया व रेत तस्करों के द्वारा ग्राम खपरीडीह के निवासी नवयुवक परमेश्वर साहू को अमानवीय रूप से बंधकर बनाकर गांव के चौराहे के खंभे से बांधकर खनिज माफिया व रेत गिट्टी के तस्करों व गुर्गों द्वारा बेल्ट और लाठी-डंडे से मारापीट एवं घसीट-घसीट कर मारा गया है, जिसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम होगी। यहां पर, जिले के अधिकांश गांवों में खनिज तस्करों, माफियाओं का डर एवं भयावह का माहौल निर्मित हो चुका है, जिससे स्थानीय ग्रामीणजनों में काफी डर-भय का माहौल बना हुआ है।

### साहू समाज करेगा आंदोलन : टहल साहू

साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने ग्राम दतान पलारी पहुंचे, जहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि खपरडीह ये अपराधिक घटना को निंदनीय कहा। उन्होंने कहा कि खनिज माफियाओं की खुलेआम गुंडागर्दी की गई है और प्रशासन इस मामले को प्रेम प्रसंग कि ओर मोड़ने की कोशिश की जा रही है जिससे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साहू समाज की ओर से शासन प्रशासन से खनिज माफिया के आकाओ और उनसे जुड़े दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की। अन्यथा साहू समाज आंदोलित होगा और जरूरत पड़े तो रोड की लड़ी जाएगी।

## स्कूल-कॉलेज में हुआ एचआईवी एवं एड्स रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा एचआईवी एवं एड्स रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम के लिए पलारी विकासखंड के ग्राम नवागांव में 18 जून को विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर किशोरियों को एचआईवी एवं एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास की योजनाए सम्बल और सामर्थ्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टाप सेंटर, महिला हेल्पलाईन 181, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, सखी निवास, शक्ति सदन, घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 की जानकारी दी गईं। जिला अस्पताल के कॉउंसलर द्वारा एचआईवी एवं एड्स की रोकथाम एवं सुरक्षा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, एचआई.बी कॉउंसलर राजकुमार चौबे, पर्यवेक्षक श्वेता

**न्यायालय तहसीलदार कसडोल तहसील कसडोल**
**जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**/ / सूचना / /**

क्रमांक/ 415/ वाचक / तह./ 2025

कसडोल, दिनांक 18/06/2025

प्रति,

केकती बाई पिता मदन जाति कलार, साकिन कोरबा, हाल मुकाम भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

विषयः- पेशी मे उपस्थित होने बाबत।

उपरोक्त विषयांतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2025 के अनुसार आवेदिका प्रियंका बेवा विकास, ना.बा. प्रविष्ठ पिता विकास ना.बा. वलि मां प्रियंका बेवा विकास कलार कास्तकार ग्राम खर्वे प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम - खर्वे स्थित खाता क्रमांक 542 में दर्ज भूमि ख.नं. 214, 598/2, 749/2, 852/2 रकबा क्रमशः 0.121, 0.077, 0.162, 0.075 कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.435 हे. दिव्यांशु ना.बा. काव्यांशु पिता ईतवारी लाल ना.बा. वलि मां हेमलता, हेमलाल पति इतवारी लाल ना०बा प्रविष्ठ, पित्ता विकास ना.बा. वली मां प्रियंका, प्रियंका पति विकास केकतीबाई पिता मदन कास्तकार ग्राम खर्वे प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के नाम पर राजस्व अभिलेख में संयुक्त खाते के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि संयुक्त खाते के रुप में राजस्व अभिलेख में दर्ज होने के कारण कृषि विकास कार्य बैंक से खाद, बिज, ऋण लेने एवं अन्य शासकीय कार्य में आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बताया गया है इसलिए आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि को छ०ग० भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 178 के तहत राजस्व अभिलेख में अंश के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र मय खाते की नकल बी-1, खसरा पांचसाला, प्रस्तुत कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण प्रारम्भ किया गया है। उक्त भूमि के संबंध मे खाता विभाजन का प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आपको दिनांक- 26/06/2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होना है। अतएव उक्त संबंध मे आपको दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक-26/06/2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा आप नियत दिनांक मे यदि उपस्थित नही होने की स्थिति में प्रकरण मे एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा इस न्यायालय के पदमुद्रा के द्वारा सूचना जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**कसडोल**

## खबर संक्षेप

### लोकपाल ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा

**कटगी।** पंचायत कटगी के छात्र लोकपाल देवांगन ने नीट2025



परीक्षा में 528 अंक प्राप्त किए। उनकी यह उपलब्धि ग्राम कटगी और देवांगन समाज के लिए गर्व है। लोकपाल, हरिकृष्ण देवांगन के पुत्र है। उल्लेखनीय है कि उनकी बहन जानवी देवांगन ने नीट2024 में सफलता प्राप्त की थी और वर्तमान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। परिवार के इसी शैक्षिक परंपरा से प्रेरणा लेते हुए लोकपाल ने भी चिकित्सा क्षेत्र में सफलता अर्जि की है। इस उपलब्धि पर कटगी के नागरिकों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने लोकपाल को बधाई दी।

### जिला विकास समन्वय की बैठक 25 को

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक बुधवार 25 जून को आयोजित होगी। बैठक सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी प्रशिक्षण के लिए 20 तक पंजीयन

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए घरेलू विघुत उपकरण सेवा उद्यमी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हाउस वायरिंग, रूम हीटर, स्टेबिलाइजर, स्टॉर्ट मोटर्स, सिंगल फेज मोनो ब्लॉक मोटर, कटिंग मशीन, हेड ड्रिलिंग मशीन, डीटीएच इंस्टालेशन एंड सर्विस, साउंड सिस्टम आदि शामिल है। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ 23 जून 2025 से किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवक 20 जून 2025 तक बड़ौदा आरसेटी बरोंडा बाजार में स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

### वारिसान के लिए सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने मोटरयान अधिनियम के तहत टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिस के लिए 25 हजार रुपए सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम बरेकेलकला निवासी पुनितराम चक्रधारी की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी दुखन बाई के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड बसना के ग्राम आमापाली के मृतक प्रियांशु सोनी के पिता रमेश सोनी के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### विधेयक पर पुनर्विचार की मांग को लेकर 23 को सौंपेंगे ज्ञापन

**महासमुंद।** लोकसभा में केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों का एक विधेयक 25 मार्च को पारित किया गय, जिसमें मौजूदा पेंशनभोगियों को 8वें वेतनमान का कोई लाभ नहीं मिल सकेगा। इस विधेयक पर पुनर्विचार कराने के लिए पूरे देश में एक ही दिन 23 जून 2025 को जिलाधीश के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय अखिल कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर्स फोरम एवं पेंशनधारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा द्वारा लिया गया है। उक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में पेंशनर कल्याण संघ जिला महासमुंद द्वारा भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त प्रेस विज्ञप्ति पेंशनधारी कल्याण संघ की राजेंद्र इंगोले एवं बलराम ध्रुव ने दी है।

# योग तन का अनुशासन, मन का नियंत्रण और जीवन का है संतुलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह /सैहा/ गुमा

छत्तीसगढ़ के सेनानी ग्राम रावन में दिल्ली से पधारे आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने योग चर्चा को संबोधित करते हुए कहा- योग तन का अनुशासन है, मन का नियंत्रण और जीवन का संतुलन है। योग मार्ग पर चलकर आत्म कल्याण के साथ-साथ विश्व कल्याण को साधा जा सकता है। योग का अभ्यास करने वाला व्यक्ति रचनात्मक होता है और दुर्गुण और दुर्व्यसन से दूर होता जाता है। जब विश्व स्तर पर आतंक और युद्ध का माहौल बना हुआ है तब व्यक्तिगत तौर पर योग एक बड़ी भूमिका निभा सकता है।

योग करने से चित्त शांत होता है और हिंसा की भावना दूर होती जाती है। योग व्यक्ति के लिए हर रूप में फायदेमंद होता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नियंत्रित करने के लिए योग का अभ्यास किया जाता है। इससे व्यक्ति रोगों से मुक्त रहता है। बेहतर जीवनशैली के लिए योग को अपनाया जा सकता है। अगर कम उम्र से ही व्यक्ति को योगा की आदत हो तो शरीर रोगग्रस्त नहीं होता, मोटापा दूर रहता है, त्वचा निखरी हुई रहती है, बालों को मजबूती मिलती है, हाई बल्ड प्रेशर या हाई कॉलेस्ट्रोल जैसी समस्याएं नहीं होती हैं और मानसिक दिक्कतें भी कोसों दूर हो जाती हैं। योग हमारी एकाग्रता, शक्ति, सहनशक्ति में सुधार करता है। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।योग के द्वारा रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता ।

## ग्राम रावन में दिल्ली से पहुंचे आचार्य ने जीवन में योग के लाभ गिनाये

### अनेक रोगों में योग रामबाण बना

योग से पाचन में सुधार होता है। योग करने से व्यक्ति परिवार समाज और अंत में विश्व स्वास्थ्य, प्रसन्न एवं संतुष्ट रहता है। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने जानकारी देते हुए बताया - इस साल योग दिवस की थीम 'योगा फॉर बन अर्थ, वन हेल्थ' यानी 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगा' तय की गई है। योग से मन और आत्मा के स्तर पर बहुत बड़ा बदलाव देखा गया है। योग से तात्कालिक रूप से शरीर स्वस्थ और प्रसन्न होने लगता है। अनेक रोगों में योग रामबाण बना हुआ है। वर्तमान में, दुनिया भर में योग के 300 मिलियन से अधिक अभ्यासी हैं। लगभग 50 प्रतिशत चिकित्सक भारतीय मूल के हैं। योग, स्पेन, अमेरिका, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, मोरक्को, यूके, कोस्टा रिका, इटली आदि जैसे विविध देशों में भी लोकप्रिय है।





### बगैर योगाभ्यास प्राप्त नहीं होता ईश्वर

जिला बलौदा बाजार भाटापारा के योग प्रचारक दीपक कुमार वर्मा ने आचार्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि बिना योगाभ्यास के व्यक्ति ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकता। पानी के बिना नदी बेकार है, अतिथि ना आए तो आंगन बेकार है । योग के बिना जीवन अधूरा है ,योग करने से ही आदमी हर क्षेत्र में योग्य बनता है। इस अवसर पर नरेश धुरंधर, कल्याणी वर्मा, शिव कुमारी, मिथिला वर्मा, लेखराम वर्मा, आरती वर्मा, युवराज वर्मा, प्रज्ञा वर्मा, दुर्गा वर्मा धान्वी और प्राची सहित अन्य लोग मौजूद थे।

चर्चा : शांति व्यवस्था के लिए जिला पुलिस ने आयोजित किया सरपंच सम्मेलन

# गांवों में शांति और सामंजस्य बनाये रखना सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने ग्रामों में शांति व्यवस्था एवं आपसी सामंजस्य बनाए रखने सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें ग्रामों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम, यातायात जागरूकता एवं आपसी सहयोग की भावनाओं को और अधिक प्रबल बनाने संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रेजेंटेशन के माध्यम से थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में घटित अपराध, सड़क दुर्घटनाओं आदि की जानकारी दी गई।




18 जून को दोपहर 2 बजे से पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में जिला पुलिस द्वारा सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से ग्रामों के कुल 70 की संख्या में सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक द्वारा सम्मेलन कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में प्रारंभिक जानकारी देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उनके द्वारा तथा तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा द्वारा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्र के ग्रामों में घटित अपराधों, अवैध गतिविधियों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाहियों, सड़क दुर्घटना आदि के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके बाद सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम सरपंचों द्वारा अपने-अपने ग्रामों के संबंध में विविध जानकारी, ग्राम की समस्याओं एवं अन्य गतिविधियों की बात रखा गई।

### पुलिस एवं सरपंच एक ही सिक्के के दो पहलू

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा पुलिस एवं सरपंच एक ही सिक्के के दो पहलू है। किसी क्षेत्र विशेष में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें ग्राम सरपंचों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है। ग्राम में यदि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या अपराध आदि की सूचना मिलती है तो समस्त ग्राम सरपंच इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर सूचना पाकर पुलिस द्वारा ऐसे कार्यों में लिप्त अपराधियों को पकड़ा जा सके, जिससे ग्राम में शांति व्यवस्था बनी रहे एवं अपराध को होने से भी रोका जा सके। ग्राम सरपंच जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं, जिससे सरपंच, पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाकर ग्राम में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों की रोकथाम पर भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही ग्राम में साइबर जागरूकता, यातायात जागरूकता आदि में भी सरपंच अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। भावना गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन कार्यक्रम आगे भविष्य में विभिन्न ग्रामों में भी आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से पुलिस एवं आमजनों के मध्य सीधा संवाद रहेगा, जिससे ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याओं, शिकायतों आदि की जानकारी लेकर उनका त्वरित निराकरण किया जा सके। सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी तथा आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में 14 ग्राम सरपंचों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंचों में उत्साह देखा गया और पुलिस का हर संभव सहयोग करने की बातें कही।

# धर्मसंघ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी की जिला स्तरीय बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित एक्स्ट्रा आर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में धर्मसंघ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी एवं महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक हुई। इसमें आदित्य वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू, प्रदेश महामंत्री संदीप पांडेय, पीठ परिषद् जिला प्रभारी मधुकांत दीक्षित, रायपुर संभाग सदस्यता प्रभारी शशि कुमार खुटिया, दुर्ग संभाग सदस्यता प्रभारी शत्रुहन सिंह साहू शामिल हुए।

बैठक का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ से हुआ।

प्रदेश महामंत्री संदीप पाण्डेय ने गुरुदेव के भारत हिन्दु राष्ट्र परिकल्पना के साथ पूर्णता विस्तार पूर्वक जानकारी दी। आदित्य वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू ने संगठन में विस्तार लाने के लिए सदस्यता अभियान को बढ़ाने की बात कही। रायपुर संभाग प्रभारी शशि कुमार खुटिया ने एक रुपया



प्रति घर से तथा अपने आस पास मठ मंदिर को केंद्र बनाकर व्यवस्थित करना एवं लोगों को एकत्रित कर चालिसा पाठ धार्मिक चर्चा आदि करने इस विषय को विस्तार हेतु आवश्यक रणनीति से अवगत कराया।

इसी प्रकार हिंदू राष्ट्र अभियान में सहभागिता के लिए नियमित/साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं एक रुपए एक घंटा प्रकल्प से सबको अवगत कराते हुए इस प्रकल्प को शीघ्र प्रारंभ करने कहा गया। बैठक का संचालन संदीप पाण्डेय और आभार प्रदर्शन अभिषेक तिवारी ने किया। बैठक में विनोद सावंत, के.एस. तिवारी, विनय गुप्ता, विवेक, आनंद तिवारी, लक्षमेंद्र अग्रवाल, शिवप्रकाश तिवारी, सुशील पाठक आदि उपस्थिति थे।

# साईं मंदिर की 15वीं वर्षगांठ पर महाप्रसाद का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी

ग्राम पंचायत कटगी स्थित बस स्टैंड परिसर में थवाईत परिवार द्वारा स्थापित साईं मंदिर के 15वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को भव्य महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

■ दिनभर चली पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, राहगीर और स्थानीय दुकानदारों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में ग्रामीणजन पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ शामिल हुए।बताया गया कि इस वर्ष भी साईं मंदिर के स्थापना दिवस पर विशेष आयोजन किया गया। प्रत्येक गुरुवार को नियमित रूप से प्रसाद वितरण की परंपरा निभाई जाती है, वहीं स्थापना दिवस पर यह आयोजन और भी भव्य रूप में किया जाता है। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालु साईं बाबा के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। शाम को भजन-कीर्तन और साईं पाठ का आयोजन हुआ, जिससे संपूर्ण बस स्टैंड क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। थवाईत परिवार ने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले समस्त श्रद्धालुओं व भक्तजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# संयंत्र ने आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा किशोरी बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम नेवारी उपस्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया गया। इसमें 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम संयंत्र के सीएसआर, स्वास्थ्य पहल के तहत संयंत्र प्रमुख नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने और उन्हें अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करने सभी प्रतिभागियों को सैनेटरी नैपकिन पैड वितरित किया गया। कार्यक्रम में किशोरियों स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंन्द्रित किया गया। उपस्वास्थ्य केन्द्र नेवारी आरएचओ विजय कुमार साहू, मितानिन शैलेन्द्री लहरी, सरस्वती साहू, तुलेश्वरी साहू, संतोषी निषाद, दुलारी निषाद, देविका सेन, सीएसआर विभाग प्रमुख संजीव मिश्रा, सीएसआर अधिकारी ज्योस्तना पति एवं रंजय पाण्डेय और सीएसआर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी, सुनीता निषाद की भागीदारी में कार्यक्रम हुआ।

# दशरमा में छात्रों को गणवेश देकर मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा




ग्राम पंचायत दशरमा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों को गुलाल का टीका लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रथम दिन विद्यालय आए सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश देकर साल प्रवेश उत्सव मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन, उपसरपंच मोहन लाल पैकरा, शाला विकास समिति अध्यक्ष बछराज भारद्वाज, कुसुमलता ध्रुव, शिक्षक, शिक्षिकायें सहित बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# माध्यमिक व हायर सेकंडरी में मना प्रवेशोत्सव



**रिसदा।** शासकीय बालक माध्यमिक व शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल रिसदा में प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। बालक माध्यमिक शाला के बच्चों का गुलाल लगाकर एवं पाठ्य पुस्तक देकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जितेंद्र खुटे शाला विकाश समिति अध्यक्ष व पूर्व सरपंच रिसदा, परेश वैष्णव भाजपा मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व उपसरपंच रिसदा, पार्वती वर्मा प्राचार्य व शिक्षकगण के साथ साथ पालक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मुबारक हुसैन की अध्यक्षता में सद्भावना संगोष्ठी आयोजित

# सद्भावना यात्रा का हथबंद में आगमन सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध

विगत दिवस हथबंद के जामा मस्जिद में वरिष्ठ साहित्यकार जनवादी लेखक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. परदेशी राम वर्मा के नेतृत्व में नगर आगमन हुआ।

सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र के अध्यक्ष मुबारक हुसैन की अध्यक्षता में सद्भावना संगोष्ठी आयोजित हुई। जामा मस्जिद हथबंद के संरक्षण इनायत खान ने उपस्थित अतिथियों का इत्र लगाकर कर बैज से स्वागत किया। मस्जिद संचालन समिति प्रमुख मुबारक हुसैन ने मस्जिद निर्माण के गौरव शाली इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि यह मस्जिद साम्प्रदायिक सद्भाव का एक मिसाल है। जिसके माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश पूरे समाज को संचारित होता है।



यहां की गतिविधियों में समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिलता है, जिससे इंसानियत और भाई चारे का पैगाम जाता है। डॉ परदेशी राम वर्मा ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि छत्तीसगढ़ सामाजिक समरसता की धरती है, यहां पर धर्म, जाति और पंथ की विविधता होते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव का वातावरण अतुलनीय है। लेकिन कुछ वर्षों से धार्मिक कट्टरवाद के कारण समरसता की भावना में कमी आई है। इसी भावना से छत्तीसगढ़ में साम्प्रदायिक सद्भाव का अलख जगाने धर्म स्थलों पर जाकर समरसता का संदेश दे रहे हैं, हथबंद का जामा मस्जिद समाज में समरसता का संदेश दे रहा है। इस आयोजन में जनवादी लेखक संघ बालोद के संयोजक डॉ. अशोक आकाश, दुर्ग इकाई के मशहूर गजलकार अब्दुल कलाम, प्रदेश के बाल साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर कमलेश चन्द्राकर, जनवादी लेखक संघ बलौदा बाजार के अध्यक्ष चोवा राम वर्मा बादल ने साम्प्रदायिक सद्भावना और छत्तीसगढ़ विषय पर अपने अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। जनवादी लेखक संघ का जत्था प्रदेश में सभी धर्मों के बीच पहुंच कर सामाजिक समरसता और भाई चारे का संदेश दे रहे है।

